दिनांक 02.07.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

संसद-एनडीए बठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनडीए सांसदों से संसद के नियमों का पालन करने, संसदीय लोकतंत्र के सिद्धान्तों के अनुरूप चलने और अच्छा व्यवहार करने का आग्रह किया ह। नई सरकार के गठन के बाद नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की पहली बठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ये बात कही। बठक के बाद मीडिया को संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रत्येक सांसद चाहे वह किसी भी दल का हो, देश की सेवा के लिए चुना गया हऔर राष्ट्र सेवा उसकी सबसे बडी जिम्मेदारी ह। प्रधानमंत्री ने सांसदों से उनकी पसंद के विषयों जस जल, पर्यावरण और सामाजिक क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

संसद-धन्यवाद प्रस्ताव-शब्द

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम लोकसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे। वे कल राज्यसभा को भी संबोधित करेंगे। नई दिल्ली में एनडीए संसदीय दल की बठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह जानकारी दी। इस बीच, संसद के दोनों सदनों में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी ह।

विधानसभा चर्चा

राज्य विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन नर्सिंग घोटाले के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा हो रही ह। उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा कि प्रदेश के 80 फीसदी नर्सिंग कॉलेजों में सकड़ों कमियां हैं।'जवाब में लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि दो नर्सिंग रजिस्ट्रार को बर्खास्त किया गया ह। निरीक्षण करने वालों पर भी कार्रवाई की गई ह। उन्होंने इस मामले में सरकार द्वारा उठाये गए क़दमों की जानकारी दी।

एनटीए सुझाव

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए में मजबूत तंत्र विकसित करने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों से सुझाव और प्रतिक्रिया मांगी हैं।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से परीक्षा प्रक्रिया और डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार तथा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की संरचना तथा कार्यप्रणाली पर सुझाव और विचार मांगे हैं। ये सुझाव 7 जुलाई तक भेजे जा सकते हैं।

चौहान-वृक्ष

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रतिदिन एक पौधा लगाने के संकल्प के साथ आज नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में पौधारोपण किया। सोशन मीडिया पोस्ट में श्री चौहान ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि प्रकृति का संरक्षण कर आने वाली पीढियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराएं।

मौसम

प्रदेश में पिछले 24 घंटे में राजधानी भोपाल, इंदौर समेत कई जिलों में बारिश हुई। ऐसा ही मौसम अगले एक सप्ताह तक बना रहेगा। आज भी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेशभर में बारिश का अनुमान है। अगले 24 घंटे में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है। तेज हवा और गरज-चमक की स्थिति भी रहेगी। राजधानी भोपाल में आज तेज बारिश का अलर्ट है। एक इंच तक पानी गिर सकता है। अभी तक यहां 9 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है, जो 65 फीसदी अधिक है। इंदौर में 38 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो चुकी है।

जूनियर कुश्ती

भारत 23 वर्ष से कम उम्र के पहलवानों की एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में पहले स्थान पर रहा जॉर्डन के अम्मान में भारत के युवा पहलवानों ने फ्रीस्टाइल कुश्ती में चार स्वण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल आठ पदक जीते। एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में यह भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कजाखस्तान दूसरे और किर्गिस्तान तीसरे स्थान पर रहा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में....

1. शिवपुरी जिला मुख्यालय पर पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने नए कानूनों के बारे में जानकारी दी।

2. केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने अखिल भारतीय स्तर पर IIRF university ranking में 40 वी रैंक प्राप्त की है। भाषा विश्वविद्यालयों की दृष्टि से यह सूची में दूसरे स्थान पर है।

3. शहडोल जिले में बिजली का करंट लगने की दो अलग–अलग घटनाओं में एक बच्चे की मौत हो गई है वहीं दो बच्चे गंभीर रुप से घायल हो गए हैं।

4. बैतूल में एक आरक्षक द्वारा पत्नी की हत्या कर उसे फांसी के फंदे पर लटकाए जाने के मामले में अदालत ने आरोपी पुलिस आरक्षक को आजीवन कारवास से दंडित किया है।